सं प्रशा /1025/ हि.क./ हि.पखवाड़ा / 2018

र. ले. प्र. नि. (म. क), लखनऊ

दिनांक 14 अगस्त, 2018

आवश्यक परिपत्र

विषय: हिंदी दिवस / हिंदी पखवाड़े का आयोजन: वर्ष 2018

भारत सरकार, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय (वित्त) एवं महानियंत्रक कार्यालय, दिल्ली छावनी के दिशा-निर्देशों के अन्तर्गत कार्यालय में हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग को प्रोत्साहित करने हेतु दिनांक 01 सितम्बर 2018 से 14 सितम्बर 2018 की अवधि में हिन्दी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। **इस दौरान मुख्य कार्यालय में निम्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा एवं मुख्य समारोह का आयोजन / पुरस्कार वितरण हिन्दी दिवस के अवसर पर दिनांक 14.09.2018 को किया जायेगा।**

क्रम संख्या	प्रतियोगिता का नाम	आयोजन की तिथि एवं समय	प्रतियोगिता स्थल
1.	निबंध लेखन प्रतियोगिता	01.09.2018 (अपराह्न 03.15 बजे)	क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, लखनऊ
2.	भाषण प्रतियोगिता	04.09.2018 (अपराह्न 03.15 बजे)	
3.	सामान्य हिन्दी ज्ञान प्रतियोगिता (केवल एम.टी.एस कर्मचारियों के लिए)	05.09.2018 (अपराह्न 03.15 बजे)	

प्रतियोगिता में विजेताओं को प्रथम पुरस्कार रू 1000/-, द्वितीय रू 800/- एवं तृतीय रू 700/- निर्धारित किया गया है। ये पुरस्कार नगद धनराशि के रूप में दिए जाएंगे। टाई *(समान अंक प्राप्त होने पर)* होने की अवस्था में उस श्रेणी की पुरस्कार राशि संबंधित विजेताओं में बराबर-बराबर बाँट दी जाएगी।

मुख्य कार्यालय एवं लखनऊ स्थित सभी अधीनस्थ कार्यालयों के अधिकारी / कर्मचारी उपरोक्त प्रतियोगिताओं में सम्मिलित हो सकते हैं। पुरस्कार हेतु गठित निर्णायक समिति का निर्णय अन्तिम व सर्वमान्य होगा। प्रतियोगिता क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, लखनऊ में आयोजित की जायेगी परंतु विशेष परिस्थिति में प्रतियोगिता स्थल में परिवर्तन किया जा सकता है।

मुख्य कार्यालय के सभी अनुभागों एवं लखनऊ स्थित सभी अधीनस्थ कार्यालयों के प्रभारी अधिकारियों से अनुरोध है कि वे उपरोक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु अधिक से अधिक प्रतिभागियों के नामों की सूची हिन्दी कक्ष में दिनांक 29.08.2018 तक अवश्य भिजवा दें।

यह भी अनुरोध है कि इस दौरान कार्यालय का सारा कार्य स्वयं हिन्दी में निष्पादित करें और अधीनस्थ कर्मचारियों से भी करवाएं।

वरिष्ठ लेखा अधिकारी (हिंदी)

सेवा में

1. समस्त वर्गाधिकारी
2. समस्त वरिष्ठ लेखा अधिकारी / लेखा अधिकारी
3. प्रभारी अधिकारी, मुख्य कार्यालय के समस्त अनुभाग
4. क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र तथा अधीनस्थ कार्यालय, लखनऊ।
5. एकीकृत वित्तीय सलाहकार (म.क.) लखनऊ
6. स्वचलन कक्ष (स्थानीय) ... कार्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।